प्रेस विज्ञप्ति

# गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## डा. अलकनन्दा अशोक प्रिंसपल ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

पन्तनगर। 30 अक्टूबर 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिक महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अलकनन्दा अशोक को अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महोत्सव, 2023 में 'प्रिंसपल ऑफ द ईयर' एवार्ड से सम्मानित किया गया। डा. अलकनन्दा को यह एवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय में किए गए बेहतरीन कार्यों को लेकर प्रदान किया गया है। कार्यक्रम देहरादून में 29 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र मे बेहतर कार्य एवं नवाचार के लिए चुनिंदा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में वर्ष भर किए गए उत्कृष्ट कार्यों के मूल्यांकन के उपरान्त प्रतिवर्ष यह पुरस्कार विभिन्न शिक्षाविदों को प्रदान किया जाता है। डा. अलकनन्दा को एवार्ड प्राप्त होने पर कुलपति द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी साथ महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों द्वारा इस पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।




*कार्यक्रम में अवार्ड प्राप्त करती अधिष्ठात्री प्रौद्योगिक महाविद्यालय डा. अलकनन्दा अशोक।*

**निदेशक संचार**